आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 18.08.2026
समय 0720

**मुख्य समाचार :–**

- केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट्स मैन्युफैक्चरिंग योजना के तहत 31 नए प्रस्तावों को मंजूरी दी।
- उत्तरकाशी के दयारा बुग्याल में पारंपरिक बटर फेस्टिवल धूमधाम से मनाया गया।
- हरिद्वार में वर्ष 2027 के कांवड़ मेले को राष्ट्रीय मेला घोषित करने की मांग।
- मौसम विभाग ने गढ़वाल मंडल के पर्वतीय जिलों में मूसलाधार बारिश का येलो अलर्ट जारी किया; देहरादून के स्कूलों में आज अवकाश।

इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट्स मैन्युफैक्चरिंग योजना

केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट्स मैन्युफैक्चरिंग योजना के अंतर्गत 31 नए प्रस्तावों को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं में करीब 7 हजार नौ सो करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। ये प्रस्ताव 10 राज्यों से मिले हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इन परियोजनाओं से रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

श्री वैष्णव ने कहा कि इन परियोजनाओं में एसीटिलीन ब्लैक, स्पीकर और माइक्रोफोन, ऑप्टिकल ट्रांसीवर, कैपेसिटर और कॉइल जैसे उत्पादों का विनिर्माण शामिल है।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी

शिक्षा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कल नई दिल्ली में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी – एनटीए के महानिदेशक और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की।

उच्च शिक्षा

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा है कि प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेशोत्सव आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में उच्च शिक्षा के प्रति विश्वास पैदा करना और सकारात्मक शैक्षणिक माहौल तैयार करना है।

डॉ. रावत ने मानक पूरे करने वाले सभी महाविद्यालयों में एनसीसी, एनएसएस और रोवर–रेंजर्स की इकाइयां गठित करने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने कल देहरादून में आयोजित समीक्षा बैठक में

महाविद्यालयों में नशा मुक्ति अभियान शुरू करने के लिए नियमित कार्यशालाएं आयोजित करने के निर्देश दिए।

उच्च शिक्षा मंत्री ने महाविद्यालयों में विकसित भारत–2047 की थीम पर विभिन्न विषयों को लेकर गोष्ठियां आयोजित करने को भी कहा। बैठक में महाविद्यालयों में भवन निर्माण, शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं, फर्नीचर, बिजली, पेयजल और खेल मैदान जैसी सुविधाओं की भी समीक्षा की गई।

**बटर फेस्टिवल**

उत्तरकाशी जिले के प्रसिद्ध दयारा बुग्याल में पारंपरिक अंढूड़ी बटर फेस्टिवल धूमधाम से मनाया गया। समेश्वर देवता की डोली की मौजूदगी में पंचगाई पट्टी के रैथल और भटवाड़ी गांवों के ग्रामीणों के साथ ही देश के विभिन्न हिस्सों से आए पर्यटकों ने उत्सव में भाग लिया।

सुबह धार्मिक अनुष्ठान के बाद राधा–कृष्ण की जोड़ी ने मक्खन से भरी हांडी फोड़ी। इसके बाद ग्रामीणों ने दूध, दही और मक्खन से एक–दूसरे के साथ होली खेली। ढोल–दमाऊं की थाप पर महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में रासौ–तांदी नृत्य प्रस्तुत किया। पुरुषों ने भी नृत्य में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कांवड़ मेला

हरिद्वार में वर्ष 2027 में होने वाले कांवड़ मेले को कुंभ और अर्धकुंभ की तर्ज पर राष्ट्रीय कांवड़ मेला घोषित करने की मांग की गई है। सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने हर वर्ष करोड़ों शिवभक्तों के आगमन को देखते हुए यह मांग उठाई है।

कांवड़ मेला संपन्न होने के बाद सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने नगर आयुक्त नंदन कुमार से मुलाकात की। उन्होंने आगामी बोर्ड बैठक में इस संबंध में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर सरकार को भेजने का आग्रह किया।

कुंभ –2027

कुंभ–2027 में श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए प्रदेश सरकार उत्तर प्रदेश की सीमा पर मंडावर–छुटमलपुर में भव्य स्वागत द्वार तैयार कर रही है। समुद्र मंथन की पौराणिक कथा और कुंभ की आध्यात्मिक परंपरा को केंद्र में रखकर इस स्वागत द्वार का निर्माण किया जा रहा है। एक रिपोर्ट––

मेला प्रशासन की ओर से राष्ट्रीय राजमार्ग पर निर्मित कराए जा रहे इस स्वागत द्वार के लिए राज्य सरकार ने 204.19 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। लगभग साढ़े छह मीटर ऊंचा यह स्वागत द्वार कुंभ नगरी हरिद्वार की ओर बढ़ते श्रद्धालुओं के लिए भव्य प्रवेश बिंदु के रूप में विकसित किया जा

रहा है। इसका वास्तुशिल्प और सज्जा कुंभ के आध्यात्मिक महत्व के साथ उत्तराखंड की सांस्कृतिक परंपराओं को भी प्रतिबिंबित करेगी। यह मार्ग उत्तर प्रदेश के साथ–साथ हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए हरिद्वार पहुंचने के प्रमुख मार्गों में शामिल है। प्रवेश द्वार के आसपास के क्षेत्र में भी आवश्यक सौंदर्यीकरण कराया जाएगा, ताकि कुंभ क्षेत्र में प्रवेश करते ही श्रद्धालुओं को एक आकर्षक और उत्सवपूर्ण वातावरण का अनुभव हो।

स्वास्थ्य विभाग

बारिश के मौसम में डेंगू और मलेरिया जैसी मच्छरजनित बीमारियों के खतरे को देखते हुए रुद्रपुर में नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। नगर निगम की टीमें जलभराव वाले क्षेत्रों के साथ–साथ घर–घर जाकर कूलर, गमले, पुराने टायर, पानी की टंकियों और अन्य स्थानों पर जमा पानी की जांच कर रही हैं। नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त रनदीप ने बताया कि मच्छरों की रोकथाम के लिए नियमित रूप से नालियों में दवा का छिड़काव और रात्रि में फॉगिंग कराई जा रही है।

मौसम

मौसम विभाग ने आज गढ़वाल मंडल के पर्वतीय जिलों में मूसलाधार बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार, 21 अगस्त तक प्रदेश में बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है।

राज्य में बारिश और भूस्खलन के कारण करीब 97 सड़कें अवरुद्ध हैं। इन सड़कों को खोलने के प्रयास जारी हैं। मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए तीर्थयात्रियों, पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों से मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार ही यात्रा करने की अपील की गई है। साथ ही, नदी–नालों से दूर रहने की सलाह दी गई है।

राजधानी देहरादून और बागेश्वर में कल शाम से रुक–रुककर बारिश का दौर जारी है। मौसम की स्थिति को देखते हुए देहरादून जिले के सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में आज अवकाश घोषित किया गया है।

**और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर.....**

भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी को लेकर अमर उजाला का शीर्षक है– झारखंड में 12 साल में हुईं सभी परीक्षाएं रद्द

भाजपा की नई राष्ट्रीय टीम गठन की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– टीम नवीन में तीरथ की एंट्री।

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी में बड़ा बदलाव किया है। इस खबर पर नवोदय टाइम्स लिखता है – एनटीए में 50 से अधिक कर्मी हटाए।

लक्सर में रक्तदान शिविर लगाकर खून बचेने से संबंधित समाचार पर दैनिक जागरण लिखता है – खून के सौदागर गिरोह का भंडाफोड़।

उत्तराखंड में आइस स्पोट्र्स पर सीएम धामी के हवाले से हिन्दुस्तान समाचार पत्र का शीर्षक है – उत्तराखंड को आईस स्पोट्र्स डेस्टिनेशन बनाएंगे।